# RAF SECTOR

# NEWS CLIP

## 26/05/19

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Dainik Jagran (Meerut,UP)**

# शहर में अर्द्धसैनिक बल के साथ पुलिस ने निकाला पैदल मार्च

जासं, मेरठ : गुरुवार रात बसपा प्रत्याशी हाजी याकूब कुरैशी की झूठी जीत की अफवाह के बाद भीड़ ने घंटाघर, शाहपीर गेट के पास नारेबाजी कर हंगामा किया था। वहीं शुक्रवार को घंटाघर और शाहपीर गेट के अलावा एक दर्जन अन्य क्षेत्रों में पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला। रास्ते में जो संदिग्ध मिला, उससे पूछताछ कर चेकिंग की गई।

सीओ कोतवाली के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस और आरएएफ की एक कंपनी के साथ फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस बलों की यह टुकड़ी कोतवाली से शुरू होकर बुढ़ाना गेट, बच्चा पार्क, इंद्राचौक, हापुड़ अड्डा, जामा मस्जिद, शाहघासा, घंटाघर आदि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। सबसे अधिक पुलिस की गश्त हाजी याकूब के क्षेत्र सराय बहलीम में की गई। यहीं नहीं दिन भर पुलिसकर्मियों की 12-12 घंटे की ड्यूटी इस क्षेत्र में लगाई गई थी। यहां के अलावा हापुड़ अड्डे से गोलाकुंआ होते हुए पुलिस फोर्स लिसाड़ी चौक और फिर वापस कोतवाली पहुंचा। सीओ कोतवाली दिनेश चंद शुक्ला ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से फ्लैग मार्च एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों में निकाला गया।



शहर में सुरक्षा के चलते तैनात आरएएफ के जवान • जागरण

**गिरफ्तारी की चलती रही अफवाह**

पुलिस फोर्स क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर रही थी, वहीं अफवाह फैल गई कि पुलिस किसी को गिरफ्तारी करने के लिए क्षेत्र में घूम रही है। हालांकि पुलिस ने चौराहों पर संदिग्धों को रोककर उनकी तलाशी ली।

Dainik Jagran (Hissar,HR)

# अर्द्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने नाकों पर संभाला मोर्चा, बिना पास नेताओं व कार्यकर्ताओं की एंट्री बैन

## कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुई मतगणना, जिला प्रशासन हर मोर्चे पर रहा अलर्ट

भास्कर न्यूज| हिसार

चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश के साथ पुलिस और जिला प्रशासन ने हर मोर्चे पर अलर्ट रहते हुए लोकसभा चुनाव-2019 शांतिपूर्ण संपन्न तरीके से संपन्न करवाए। मतदान और मतगणना शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई। जिस तरह मतदाताओं ने निर्भीक होकर मत का प्रयोग किया, वहीं गुरुवार को हुई मतगणना के वक्त राजनीतिक पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संयम रख हार-जीत को स्वीकार किया। लॉ एंड ऑर्डर मैंटेन रखने के लिए अर्द्धसैनिकों के साथ पुलिस कर्मियों ने मोर्चा संभाले रखा। महावीर स्टेडियम, पंचायत भवन और गिरी सेंटर में बने मतगणना केंद्रों को 14 नाकों से सील कर दिया था।

सुबह 5 बजे ही फोर्स अपनी ड्यूटी पर मौजूद मिली और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ऑफिशियल पास के साथ प्रत्याशियों और एजेंटों को मतगणना केंद्रों तक आने-जाने की अनुमति दी। बिना पास के आने वाले व्यक्तियों को वापस भेज दिया। स्थिति यह थी कि लक्ष्मीबाई चौक से लेकर शर्मा अस्पताल चौक, यहां से पंचायत भवन के बीच चार नाके लगा रखे थे। हर नाके पर एक-एक इंस्पेक्टर के साथ टीम तैनात थी। जगह-जगह सशस्त्र अर्द्धसैनिक मुस्तैद दिखे। महावीर स्टेडियम से सटे मधुबन पार्क में पुलिस कर्मियों की ड्यूटियां लगा रखीं थी, ताकि वहां से कोई व्यक्ति स्टेडियम में सेंध न लगा सके। करीब 700 से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा के मद्देनजर तैनात रहे थे। दंगा निरोधक दस्ता भी स्टैंड-बाय-मोड रहा। जगह-जगह पानी के कैंपर रखे गए थे, ताकि गर्मी में किसी को डिहाइड्रेशन की दिक्कत न हो। प्राथमिक उपचार के लिए एंबुलेंस भी मतगणना केंद्र के बाहर खड़ी थी।



लोकसभा चुनाव में मतगणना केंद्र के बाहर गश्त करते अर्द्धसैनिक बल के जवान।

### केंद्र में प्रतिबंधित वस्तु लेकर आए एजेंट, पार्टी रंग के गमछे तक पुलिस ने उतरवा लिए



जिला प्रशासन ने पहले ही निर्देश दिए थे कि बेल्ट, मोबाइल, माचिस, बीड़ी-सिगरेट, तंबाकू इत्यादि वस्तु अपने साथ लेकर मतगणना केंद्र में न आए। इसके बावजूद एजेंट अपने साथ प्रतिबंध सामान लेकर पहुंच गए। उन्हें एंट्री गेट पर पुलिस ने रोक लिया। सभी से प्रतिबंध सामान निकलवा लिया। यहां तक की कई एजेंट अपनी पार्टी के रंग संबंधित गमछे भी गले में डालकर आए थे। उन्हें भी बाहर रखवा दिया ताकि मतगणना केंद्र के अंदर माहौल खराब न हो।

### चाय की चुस्की, जूस का स्वाद....चुनाव की चर्चा लोक सभा चुनाव में मोदी फैक्टर कर गया कमाल

हिसार लोकसभा हॉट सीट। गर्मी के बीच सूरज को घेरते बादलों से मौसम भी खुशनुमा बन गया। देशभर में मोदी की लहर ऐसी चली कि मतगणना केंद्रों के बाहर ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मी भी खुद को राजनीतिक चर्चा से नहीं रोक पाए। कोई टी स्टॉल पर चाय की चुस्की लेकर तो कोई रेहड़ी पर जूस का स्वाद लेकर चुनाव के नतीजों पर बात करने में मशगूल दिखे। बोले, छोरा तो दुष्यंत भी ठीक सै। काम भी करवाए थे...मगर मोदी लहर में बह गया। भव्य तो नया है...पर ठीक-ठाक वोट लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा गया। इनेलो का खाता ही नहीं बचा। एक जगह महिला पुलिस कर्मियों के ग्रुप में बात चल रही थी। बोलीं, सही मायने में मोदी फैक्टर कमाल कर गया। सोच क्या रहे थे और नतीजे क्या आए। बहन....यही लोकतंत्र है। साइलेंट वोटिंग ने कमल खिला दिया। चुनावों के नतीजे देख लगता है आने वाले सालों में क्षेत्रीय पार्टियों का सुपड़ा साफ न हो जाए। इतना ही नहीं हिसार के साथ-साथ रोहतक, सोनीपत, अम्बाला और भिवानी-महेंद्रगढ़ की सीट पर किसका कब्जा रहा, यह भी चर्चा का केंद्र रहे।

## Punjab Kesari (Hissar,HR)





*महाबीर स्टेडियम के बाहर घोड़ा पुलिस तैनात व मार्च करते सुरक्षाकर्मी।* (जागरण)

# जिले में भाजपा ने पहली बार चखा जीत का स्वाद

## बैखासियों के सहारे लड़ने वाली भाजपा को बृजेंद्र ने दिलाई जीत

### 2 राजनीतिक घरानों के पुत्रों के साथ था बृजेंद्र का मुकाबला

हिसार, 23 मई (राठी): हिसार में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह की राजनीतिक विरासत को बचाने में बृजेंद्र सिंह सफल रहे। उनका इस सीट पर 2 राजनीतिक घरानों के पुत्रों दुष्यंत चौटाला और भव्य बिश्नोई के साथ मुकाबला था। इन दोनों परिवारों की प्रतिष्ठा के साथ बृजेंद्र सिंह के परिवार की प्रतिष्ठा भी इस सीट से जुड़ी थी। आई.ए.एस. का पद छोड़कर चुनावी मैदान में उतरे बृजेंद्र सिंह ने न केवल जीत दर्ज की बल्कि अपने परिवार की राजनीतिक साख भी बचाई। खास बात यह है कि उनके पिता बीरेंद्र सिंह भी इस सीट से 1984 में सांसद बन चुके हैं। वे भी पहली बार में ही सांसद बन गए थे लेकिन उसके बाद हार मिली। अब बृजेंद्र सिंह ने एक बड़े मार्जन (3 लाख 11 हजार 701 मतों) से हिसार की सीट जीती।

हिसार सीट पर भाजपा पहली जीत के साथ ही अपना इतिहास बनाने में भी सफल रही। पहले मेयर पद के चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की थी। उसके बाद अब लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज की। खास बात यह रही कि पहले जहां बैसाखियों के सहारे भाजपा हिसार लोकसभा में चुनाव लड़ती रही और हिसार सीट हर बार गठबंधन के दूसरे दल के खाते में जाती। हालांकि 2 बार अकेले अपने दम पर भी चुनाव लड़ा लेकिन हार मिली। इस बार फिर अकेले दम पर चुनाव लड़ा। यह फैसला पार्टी का सही साबित हुआ और पहली बार इस सीट से बिना किसी गठबंधन ने बड़ी जीत दर्ज की। ज्ञात रहे कि पिछली बार हजकां के साथ भाजपा का गठबंधन था और उस बार मोदी की लहर के बावजूद यहां से हार मिली थी लेकिन इस बार भाजपा ने गठबंधन की रणनीति पर दांव नहीं लगाया और अपने दम पर मोदी के नाम पर जीत दर्ज की।

### हिसार लोकसभा क्षेत्र के अब तक रहे सांसद

| वर्ष | विजेता | पार्टी | वोट मिले | उपविजेता | पार्टी | वोट मिले | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1967 | रामकिशन गुप्ता | कांग्रेस | 1,15,963 | मनीराम बागड़ी | ससोपा | 1,08,784 | 7179 |
| 1971 | मनीराम गोदारा | कांग्रेस (जे) | 1,70,204 | मनीराम बागड़ी | ससोपा | 86,510 | 83,694 |
| 1977 | इंद्र सिंह श्योकंद | जनता पार्टी | 3,22,456 | जसवंत सिंह | कांग्रेस | 79,072 | 2,43,384 |
| 1980 | मनीराम बागड़ी | जनता (एस) | 1,92,074 | मनीराम गोदारा | कांग्रेस (आई) | 99,363 | 92,711 |
| 1984 | बिरेंद्र सिंह | कांग्रेस | 2,51,367 | ओमप्रकाश चौटाला | लोकदल | 2,00,161 | 51,206 |
| 1989 | जयप्रकाश | जनता दल | 2,91,073 | बिरेंद्र सिंह | कांग्रेस | 2,46,394 | 44,679 |
| 1991 | मा.नारायण सिंह | कांग्रेस | 2,33,012 | जयप्रकाश | जनता पार्टी | 2,06,818 | 26,194 |
| 1996 | जयप्रकाश | हविपा | 3,06,402 | गौरीशंकर | समता पार्टी | 1,31,750 | 1,74,652 |
| 1998 | सुरेंद्र बरवाला | हरि.लोकदल | 2,60,271 | ओमप्रकाश जिंदल | हविपा | 1,79,780 | 80,491 |
| 1999 | सुरेंद्र बरवाला | इनेलो | 3,96,540 | बिरेंद्र सिंह | कांग्रेस | 2,36,088 | 1,60,452 |
| 2004 | जयप्रकाश | कांग्रेस | 4,07,210 | सुरेंद्र बरवाला | इनेलो | 2,24,442 | 1,82,768 |
| 2009 | भजनलाल | हजकां | 2,48,476 | प्रो.संपत सिंह | इनेलो | 2,41,493 | 6983 |
| 2011 | कुलदीप बिश्नोई | हजकां | 3,55,955 | अजय चौटाला | - | 3,49,618 | 6337 |
| 2014 | दुष्यंत चौटाला | इनेलो | 4,94,478 | कुलदीप बिश्नोई | हजकां | 4,62,631 | 31,847 |
| 2019 | बृजेंद्र सिंह | भाजपा | 603289 | दुष्यंत चौटाला | जजपा | 289221 | 314068 |

## हरियाणा में तीसरी बार किसी पार्टी का क्लीन स्वीप

## मतगणना की झलकियां



*महाबीर स्टेडियम के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी।*



## मुख्यमंत्री सहित कई नेताओं

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।